# कार्यालय जिला परियोजना, समग्र शिक्षा

संयुक्त जिला कार्यालय, प्रथम तल कक्ष क्रमांक 63 जिला–गरियाबंद (छ.ग.)

Phone No. 07706-241332 E mail-mis.gariyaband@gmail.co


क्र./ 557 /एस.एस/स्था./समा.शिक्षा/2022–23 गरियाबंद, दिनांक 22/09/2022

## –: विज्ञापन :–

राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़ रायपुर का पत्र क्र./950/समग्र शिक्षा/24/58 (23)/ प्रारंभिक–माध्यमिक /2022 रायपुर दिनांक 21.06.2022 के तहत भारत शासन की महत्वाकांक्षी योजना समावेशी शिक्षा में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने हेतु विकासखण्ड स्तर पर संसाधन स्त्रोत केन्द्रों की स्थापना की गई है। इन केन्द्रों में थैरेपिस्ट (फिजियो/स्पीच थैरेपिस्ट) एवं हेल्पर/आया/अटेन्डेन्ट की एक निश्चित मानदेय पर 10 माह के लिए अस्थायी रूप से रखा जाना है। इस हेतु दिनांक 12.10.2022 तक शाम 05 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं, भर्ती एवं पात्रता की शर्तें एवं आवश्यक शैक्षणिक आर्हताएं संबंधी विस्तृत जानकारी निम्नानुसार है, जिसे वेबसाइट www.gariyaband.gov.in में प्राप्त की जा सकती है।

### भर्ती हेतु रिक्त पद का विवरण

| क्र. | पदनाम | प्रतिमाह मानदेय | स्वीकृत पद | अनुसूचित जनजाति | | | अनुसूचित जाति | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | अनारक्षित | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | मुक्त | महिला | योग | मुक्त | महिला | योग | मुक्त | महिला | योग | मुक्त | महिला | योग | मुक्त | महिला | योग |
| 1 | हेल्पर/आया/अटेन्डेन्ट | 6000 | 4 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 1 | 2 | 3 | 1 | 4 |
| 2 | फिजियो थेरेपिस्ट | 20000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| 3 | स्पीच थैरेपिस्ट | 20000 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| योग | | | 6 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 3 | 1 | 4 | 5 | 1 | 6 |

**हेल्पर/आया/अटेन्डेन्ट के लिए न्यूनतम योग्यता :–**

- हेल्पर/आया/अटेन्डेन्ट हेतु न्यूनतम योग्यता हाई स्कूल 10वी उत्तीर्ण।
- स्थानीय बोली का ज्ञान।
- स्थानीय निवासी को प्राथमिकता।

**थैरेपिस्ट (फिजियो/स्पीच थैरेपिस्ट) के लिए न्यूनतम योग्यता –**

**1. फिजियो थैरेपिस्ट –**

- शासकीय मान्यता प्राप्त संस्था से बेचलर ऑफ फिजियो थैरेपी डिग्री कोर्स।
- छ.ग. फिजियो थैरेपी परिषद में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

**2. स्पीच थैरेपिस्ट**

- शासकीय मान्यता प्राप्त संस्था से बी.ए.एस.एल.पी. डिग्री कोर्स।
- भारतीय पुर्नवास परिषद (RCI) में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।

क्रमशः ...... 2.

**मानदेय –**

- हेल्पर/आया/अटेन्डेन्ट के लिए निश्चित एवं एकमुश्त मानदेय रू. 6,000/– (शब्दों में रू. छः हजार मात्र) प्रतिमाह दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के अन्य भत्ते की पात्रता नही होगी।
- थैरेपिस्ट (फिजियो/स्पीच थैरेपिस्ट) के लिए निश्चित एवं एकमुश्त मानदेय रू. 20,000/– (शब्दों में रू. बीस हजार मात्र) प्रतिमाह दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के अन्य भत्ते की पात्रता नही होगी।

**नियम एवं शर्तें –**

- उम्मीदवारों को अनुबंध के आधार पर विशुद्ध रूप से अस्थाई एवं निर्धारित अवधि के लिए रखा जायेगा। अतः आवेदक कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन समन्वयक को नियमित नियुक्ति हेतु कोई दावा नही करेगा।
- अनुबंध के आधार पर अस्थाई रूप से नियुक्त उम्मीदवार मानदेय वृद्धि और नियमितिकरण हेतु न्यायालय में याचिका दायर करने हेतु पात्र नहीं होगा।
- रिक्तियों की संख्या परिवर्तनीय है।
- आयु सीमा में 18–35 वर्ष निधारित कर शासन के नियमानुसार छूट प्रचलित शासकीय नियमों के अनुसार लागू होगा।
- चयनित उम्मीदवार को एक अनुबंध करार पर हस्ताक्षर करना होगा और करार अनुबंध के उलंघन के मामले में अनुबंध रद्द माना जायेगा। जिसकी सूचना नही दी जावेगी और नियुक्ति स्वमेव समाप्त मानी जावेगी।
- चयनित उम्मीदवार को अस्थाई नियुक्ति का पत्र प्राप्त होने के तुरंत ही निर्धारित अवधि में कर्तव्य में शामिल होना पड़ेगा अन्यथा मेरिट सूची में अगले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जावेगी और अलग से आवेदक को औपचारिक सूचना नही दी जावेगी।
- कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक को विज्ञापन वापस लेने/चयन प्रक्रिया को रद्द करने के साथ ही उपरोक्त कार्य अवधि में कार्य से संतुष्ट नहीं पाये जाने की स्थिति में एवं किसी भी अन्य विवाद की स्थिति में कार्य से पृथक करने का संपूर्ण अधिकार होगा। इस स्थिति में किसी भी प्रकार का आवेदन/अपील विचारणीय व मान्य नही होगा। विवाद होने पर निर्णय का संपूर्ण अधिकार कलेक्टर एवं पदेन जिला मिशन संचालक के पास सुरक्षित होगा।
- अपूर्ण आवेदन/निर्धारित प्रारूप में गलत जानकारी को अस्वीकृत माना जायेगा।
- समग्र शिक्षा कार्यालय डाक में विलंब के लिए जिम्मेदार नहीं रहेगा, जिले द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
- उक्त नियुक्ति विकासखण्डों में स्थापित संसाधन केन्द्रों में किया जाना है।
- रोजगार कार्यालय का जीवत पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

**हेल्पर/आया/अटेन्डेंट का कार्य दायित्व :–**

- विकासखण्ड में चिंहांकित विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की सूची एवं केस स्टडी विकासखण्ड संसाधन स्त्रोत केन्द्र में सुनियोजित तरीके से संधारित करने में बी.आर.पी. (समावेशी शिक्षा) का सहयोग करना।
- विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को थैरेपी प्रदान करने में बी.आर.पी. समावेशी शिक्षा व थैरेपिस्ट का सहयोग करना।
- विकासखण्ड संसाधन स्त्रोत केन्द्रों की साफ–सफाई तथा सहायक सामग्री का रख–रखाव व उपयोग का संपूर्ण दायित्व वहन करना।
- विद्यालय में अध्ययनरत विशेष आवश्यकता वाले बच्चो को बी.आर.पी. के सहयोग से संसाधन स्त्रोत केन्द्रों तक पहुंच बनाने में सहायता करना व अभिभावकों को प्रेरित करना।

**आवेदन जमा करने की प्रक्रिया –**

1. आवेदन निर्धारित प्रारूप में ए–4 साईज पेपर में किया जावे तथा पासपोर्ट कलर फोटो चस्पा कर निर्धारित शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। समग्र शिक्षा जिला कार्यालय डाक में विलंब के लिए जिम्मेदार नही रहेगा, जिले द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
2. आवेदक को लिफाफे के ऊपर स्पष्ट अक्षरों में आवेदित पद का नाम उल्लेख करना अनिवार्य होगा। आवेदित पद के लिए आवेदन अलग–अलग भरा जावे।
3. आवेदन पत्र **जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, कक्ष क्रमांक 63, संयुक्त जिला कार्यालय परिसर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) 493889** के नाम से स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित किया जावे। निर्धारित अंतिम तिथि पश्चात आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा।

**(कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक द्वारा अनुमोदित)**

जिला मिशन समन्वयक<br>
समग्र शिक्षा, जिला–गरियाबंद

—————————————— हेतु आवेदन का प्रारूप

प्रति,

जिला परियोजना कार्यालय,
समग्र शिक्षा,
कक्ष क्र. 63, संयुक्त जिला कार्यालय,
जिला–गरियाबंद (छ.ग.) 493889

पासपोर्ट साइज फोटो
अभिप्रमाणित

1. आवेदित पद का नाम – ....................................................................................
2. आवेदक का नाम (हिन्दी में) – ....................................................................................
(अंग्रेजी केपिटल में) – ....................................................................................
3. पिता / पति का नाम – ....................................................................................
4. लिंग (पुरूष / महिला) – ....................................................................................
5. जन्म तिथि (अंको में) – ....................................................................................
(शब्दों में) – ....................................................................................
6. दिनांक 01.01.2022 को आयु – वर्ष ...................... माह .................... दिन ............
7. जाति – ........................ वर्ग (SC/ST/OBC/GEN.) ................
8. रोजगार कार्यालय का जीवित
पंजीयन क्रमांक व दिनांक – ....................................................................................
9. पत्र व्यवहार का पूरा पता – ....................................................................................
....................................................................................
....................................................................................
10. स्थायी निवास का पूरा पता – ....................................................................................
....................................................................................
....................................................................................
......
11. मोबाइल नम्बर – ....................................................................................
12. छ.ग. फिजियो थैरेपिस्ट परिषद का नाम ....................................................................................
पंजीयन क्रमांक व दिनांक – ....................................................................................
13. स्पीच थैरेपी भारतीय पुनर्वास परिषद(RCI) का नाम ....................................................................................
पंजीयन क्रमांक व दिनांक – ....................................................................................

14. शैक्षणिक योग्यता –

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड / संस्था का नाम | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

15. कार्यानुभव (यदि कोई हो तो उल्लेख करें)

| क्र. | कार्यालय का नाम | पदनाम | कार्यावधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

16. अन्य योग्यता का विवरण –.........................................................................................

17. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची –

1.......................................................................... 2...........................................................................

3.......................................................................... 4...........................................................................

5.......................................................................... 6...........................................................................

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम ................................................

## // घोषणा पत्र //

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि इस आवेदन पत्र में दिए गये सभी विवरण मेरे जानकारी के अनुसार सत्य है तथा इसमें दी गई जानकारी असत्य पाये जाते हैं तो मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

दिनांक : ..............................

स्थान : ..............................

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम – ........................................

पता – .............................................

.............................................